इंडिया इंटरनेट 2019- IAMAI

drishtiias.com/hindi/printpdf/internet-access-stand-compared

प्रीलिम्स के लिये -

इंडिया इंटरनेट 2019

मेन्स के लिये -

भारत में इंटरनेट प्रसार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (Internet and Mobile Association of India-IAMAI) द्वारा भारत में इंटरनेट उपयोगकर्त्ताओं की संख्या से संबंधित 'इंडिया इंटरनेट 2019' के नाम से एक रिपोर्ट जारी की गई।

प्रमुख बिंदु-

- रिपोर्ट के अनुसार भारत में 5 वर्ष या उससे अधिक आयु के कुल सक्रिय उपयोगकर्त्ताओं की संख्या 485 मिलियन है।
- इंटरनेट के कुल उपयोगकर्त्ताओं में 385 मिलियन 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं जबकि 66 मिलियन उपयोगकर्त्ता 5 से 11 वर्ष की आयु वर्ग के हैं।
- राज्य स्तर पर राजधानी दिल्ली सर्वाधिक 69% उपयोगकर्त्ताओं के साथ प्रथम स्थान पर है, वहीं केरल 54% उपयोगकर्त्ताओं के साथ दूसरे स्थान पर है।
    - हाल ही में केरल सरकार ने 1524 करोड़ रुपए की लागत से केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क परियोजना लॉन्च की है।
    - इसके तहत राज्य में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 20 लाख परिवारों को मुफ्त इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है।
- रिपोर्ट के अनुसार, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, और हिमाचल प्रदेश 49% उपयोगकर्त्ताओं के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर से संबंधित आँकड़े उसके विभाजन के पहले के हैं।
- सबसे कम इंटरनेट उपयोगकर्त्ताओं की संख्या क्रमशः ओडिशा, झारखंड और बिहार में दर्ज की गई।
- लैंगिक आधार पर कुल उपयोगकर्त्ताओं में 67% पुरुष उपयोगकर्त्ता हैं।
- केरल, तमिलनाडु और दिल्ली में अन्य राज्यों की अपेक्षा अधिक महिला उपयोगकर्त्ता हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार, कुल उपयोगकर्त्ताओं का ⅔ भाग इंटरनेट का दैनिक उपयोगकर्त्ता है।

- इंटरनेट उपयोग करने की अवधि के आधार पर जहाँ लगभग 1/3 शहरी उपयोगकर्त्ता 1 घंटा इंटरनेट उपयोग करते हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ये अवधि 15 से 20 मिनट है।

इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया

(Internet and Mobile Association of India-IAMAI)

- इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थापना वर्ष 2004 में की गई थी।
- यह सोसायटी अधिनियम, 1896 के तहत पंजीकृत एक गैर-लाभकारी औद्योगिक निकाय है।

स्रोत-द हिंदू